हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–209 : जौनपुर, बुधवार 24 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सरकार बनने पर किसान शहादत सम्मान राशि देंगे : अखिलेश यादव पूर्व सीएम

लखनऊ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसान आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के सम्मान में उनके परिजनों को यूपी में 2022 में सरकार बनने पर 25 लाख रुपये की 'किसान शहादत सम्मान राशि' देने का एलान किया है। अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि किसान का जीवन अनमोल होता है क्योंकि वो 'अन्य' के जीवन के लिए 'अन्न' उगाता है। हम वचन देते हैं कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार आते ही किसान आंदोलन के शहीदों को 25 लाख की किसान शहादत सम्मान राशि दी जाएगी। उधर, तीनों कृषि कानून वापस लिए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के बाद बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने कानूनों की वापसी पर मुहर लगा दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कानूनों को वापस लेने की घोषणा के दौरान कहा था कि यह कानून किसानों के हित में हैं पर हम उन्हें समझाने में असफल रहे। हालांकि, इसके बाद भी किसानों ने अपनी अन्य मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखने का एलान किया है। किसान आंदोलन को शुरू हुए एक वर्ष पूरा हो चुका है। इस अवधि में करीब सात सौ किसानों की शहादत हुई है। किसानों की मांग है




कि अब सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भी मंजूरी दे और अब तक जितने भी किसानों के खिलाफ अलग–अलग राज्यों में मुकदमें दर्ज किए गए हैं। उन्हें वापस ले। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने किसान आंदोलन का एक साल पूरा होने पर सभी मोर्चों पर भीड़ बढ़ाने की पहल शुरू कर दी है। सोमवार को लखनऊ की महापंचायत में ताकत दिखाने के बाद किसानों ने कुंडली बॉर्डर पर भीड़ जुटानी शुरू कर दी है। इसके लिए सोशल मीडिया पर लगातार अपील की जा रही है। तीन कृषि कानून रद्द होने की घोषणा से किसानों में एमएसपी समेत अन्य मांगों के पूरा होने की उम्मीद जगी है।

## बेटा पढ़ाओ – संस्कार सिखाओ अभियान के सयोंजक व सह–सयोंजक ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से की मुलाकात

डीकेयू लक्ष्मणगढ़ – (सीकर) ब्यूरो : बेटा पढ़ाओ – संस्कार सिखाओ अभियान के सयोंजक कवि हरीश शर्मा व सह–सयोंजक आकाश झुरिया ने सालासर आगमन पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात कर उन्हें अभियान पर लिखित पुस्तक भेंट की एवं अभियान को लेकर चर्चा की। बेटा पढ़ाओ – संस्कार सिखाओ अभियान को लेकर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल हैं और बेटे–बेटी दोनों को पढ़ाना अतिआवश्यक हैं एवं पढ़ाने के साथ–साथ संस्कारित करना अतिआवश्यक है। इसी क्रम में अभियान के संयोजक कवि शर्मा व सह–संयोजक आकाश झूरिया के द्वारा हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदानन्दन पुजारी, बालाजी गोशाला के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी, कमल पुजारी, मनोज पुजारी, प्रेम पुनिया (एसपी ऑफिस चूरू), फतेहपुर सीओ राजेश, थाना स्टाफ श्रीकिशन, महेंद्र, पत्रकार मुकेश, पत्रकार बलवान सैन सहित अनेकों गणमान्यजनों को अभियान पर लिखित पुस्तक भेंट की। इस दौरान मंदिर



कमेटी के पुजारी सदस्य महानुभावों ने भी अभियान की सराहना की। इस अवसर पर हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदानन्दन पुजारी, परमेश्वर शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज पुजारी, मांगीलाल पुजारी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, बालाजी मंदिर पुजारी अनुज पुजारी, कमल किशोर पुजारी, मनोज शर्मा, जीतमल शर्मा, अजय पुजारी, सुरेश पुजारी, तरूण पुजारी, बबलू पुजारी, संजय पुजारी, नागरमल पुजारी, कमल पुजारी, परमेश्वर शर्मा, शिवांश शर्मा, सालासर उप तहसीलदार डॉक्टर सुरेंद्र भास्कर, प्रेम पुनिया (एसपी ऑफिस चूरू) सहित अनेकों सदस्य महानुभाव मौजूद रहें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## डीएम ने पीडब्ल्यूडी के तीनों खंड अधिकारियों के साथ की बैठक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी विजय किरन आनंद अपने कार्यालय में पीडब्ल्यूडी के तीनों खंडों के अधिकारियों के साथ



बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता युक्त अति शीघ्र पूर्ण कराया जाए जिससे जनपद के विकास कार्यों में चार चांद लग सके। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के दौरान खराब हो चुकी सड़कों को पूर्ण तरीके से दुरुस्त किया जाए जिससे आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा अन्य कार्यों को भी अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाए।

### फर्जी शिक्षकों से रिकवरी किया जाएगा वेतन– डीएम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने गोरखपुर में फर्जी शिक्षकों नियुक्ति को गंभीरता दिखाते हुए फर्जी शिक्षकों द्वारा अर्जित किए हुए वेतन के रिकवरी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने जिलाधिकारी सभागार में बैठक करते हुए जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया



कि 5 मार्च 2020 को पहली फर्जी नियुक्ति का मुकदमा दर्ज किया गया था अब तक 92 शिक्षक फर्जी पाए गए हैं 84 के ऊपर मुकदमा जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज किया जा चुका है इन 92 फर्जी नियुक्त शिक्षकों में 32 की जांच एसटीएफ को दिया गया था जिसमें 6 गैर जनपद आगरा के फर्जी शिक्षक पाए गए थे 24 गोरखपुर के फर्जी शिक्षक थे एसटीएफ ने अपना जांच दायरा आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश के समस्त शिक्षक नियुक्त हुए शिक्षकों की जांच शुरू कर दी थी इन 92 शिक्षकों के अतिरिक्त एसटीएफ ने प्रदेश के अन्य जनपदों से 76 फर्जी शिक्षकों को उजागर करते हुए अपना रिपोर्ट प्रेषित किया था। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने सख्त लहजे में निर्देशित किया है कि फर्जी शिक्षकों का चार्जसीट अति शीघ्र न्यायालय में प्रेषित किया जाए जिससे इन फर्जी शिक्षकों पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए नियुक्ति के दौरान अर्जित किए हुए वेतन की रिकवरी की जा सके। जांच दायर और बढ़ाया जाएगा जिससे इसमें सम्मिलित फर्जी नियुक्ति में किन–किन का हाथ है उसे भी उजागर करते हुए मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजने का कार्य किया जाएगा। पहला फर्जी नियुक्ति का मामला एक ही पैन कार्ड पर एक ही नाम के दो व्यक्ति नौकरी करने का कार्य करते थे ओरिजिनल व्यक्ति ने अपना आइटीआर जमा करने गया तब जाकर फर्जी शिक्षक होने का मामला उजागर हुआ था। बैठक में एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता पुलिस अधीक्षक अपराध डॉ महेंद्र पाल सिंह सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## विकाश कार्यों की पोल खोलता केराकत स्टेशन मार्ग : रोजना हजारो की संख्या में यात्री कीचड़ व गड्ढा युक्त रोड़ की यात्रा करने को मजबूर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत तहसील क्षेत्र के विकास और प्रमुख सड़क मार्गों की दशा सुधारने व झूठा वादा कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों समेत प्रशासन के आला अधिकारियों ने अपनी आंखों पर काली पट्टियां बांध लीं हैं अथवा काला चश्मा लगा रखा है। गत कई वर्षों से केराकत रेलवे स्टेशन मार्ग और केराकत विकासखंड मुख्यालय को सीधे जोड़ने का कार्य करने वाली सड़क मार्ग मरम्मत के अभाव में भारी गड्ढों के चलते झील के रूप में परिवर्तित हो गई है। कहीं जलजमाव तो कहीं गढहे में कीचड़ से युक्त इन सड़क मार्गों पर घुटनों तक वर्षा का गंदा पानी जमा जल जमाव होने से डेंगू की भी संभावना को बढ़ावा दे रहा है। ऐसी स्थिति रेल में यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को प्रतिदिन जलजमाव और कीचड़ से भरी सड़कों पर गिरते पड़ते दिन और रात्रि के अंधेरे में यात्रा करने को मजबूर हैं।जबकि विकासखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली यह सड़क पूरी तरह से गड्ढे और जलभराव से वर्षा में पोखरी का रूप धारण कर लेती है। जिसमें दो पहिया वाहनों समेत पैदल चलने वाले लोगों को घुटने भर गंदे कीचड़ युक्त भरे जल मे होकर मजबूरी में आना जाना पड़ता है। जबकि विकास का ढिढोरा पीटने वाले क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उसी मार्ग से गुजरने के बाद भी आपने आंखों पर काला चश्मा लगाए विकास का झूठा स्वांग करते नजर आ रहे हैं।उन्हें जैसे लगता है कि जनहित से उनका दूर–दूर तक का कोई रिश्ता नहीं है। जबकि विधानसभा चुनाव



मिशन 2022 सर पर है फिर भी उन्हें जनहित से रंच मात्र लगाव नहीं दिखता है। जिला परिषद के अंतर्गत है सड़क की जिम्मेदारी। इस सड़क की जिम्मेदारी जिला परिषद के कंधों पर है।पर जिलापरिषद के अधिकारियों को केवल परिषद के फाइलों से वास्ता रहता है।धरातली आवश्यकता से उनका दूर दूर तक कोई नाता नही है।जबकि इसी मार्ग पर विकाश खण्ड केराकत कार्यालय,खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय,वन विभाग,पूर्व माध्यमिक विद्यालय, प्राइमरी विद्यालय,स्टेट बैंक आदी कई सरकारी संस्थान व कार्यालय हैं।और इन सभी विभागों के अधिकारी व सांसद विधायक भी आंख मूंदे इधर आते व जाते रहते है उनके द्वारा सड़क की दुर्दशा को नजरअंदाज किया जाता है।आमजनमानस में इससे काफी रोष व्याप्त है।

## कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आंदोलन को इप्सेफ ने दिया समर्थन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी.पी. मिश्रा एवं महामंत्री शशि कुमार मिश्र ने बताया कि जन जागरण चल रहा है। 27 नवंबर को सायं सभी जनपदों में मशाल जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन देने की तैयारी पूरी कर ली गई है अगर सरकार 27 नवंबर तक मिल बैठकर मांगों पर निर्णय क्रियान्वयन नहीं करते हैं तो 9 दिसंबर से काम बंदी करने को बाध्य होना पड़ेगा ।जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होगा। श्री वी पी मिश्रा ने चिंता व्यक्त की है कि वेतन समिति की संस्तुतियों को 3 वर्ष से लागू नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव समिति की एक भी बैठक नहीं हुई। इससे कर्मचारियों के सातवें वेतन आयोग का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। पुरानी पेंशन को बहाल न करने से कर्मचारियों में रोष है। क्योंकि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें रोटी चलाना भी मुश्किल हो जाएगा। इससे देशभर का कर्मचारी एवं अधिकारी नाराज है। आउटसोर्सिंग/ संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा एवं न्यूनतम वेतन के लिए एक नीति नहीं बनाई जा रही है। ऐसे नौजवानों का भविष्य अंधकारमय है। प्रदेश सरकार समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिए प्रचार में कर रही है कि रिक्त पदों पर नियुक्तियां एवं पदोन्नति या की जा रही हैं। कुछ विभागों में पदोन्नतियों के पद काटे जा रहे हैं परंतु ज्यादातर बड़े विभागों की नियुक्तियां एवं पदोन्नति या लंबित पड़ी हैं। विभागीय संगठन कैडर पुनर्गठन करके नियुक्तियां पदोन्नतिया करने की मांग कर रहे हैं। परंतु खेद है कि विभागीय अधिकारी विशेष रुचि नहीं ले रहे हैं। आउटसोर्सिंग से काम चला रहे हैं। स्थानीय निकायों के पदों का पुनर्गठन, दैनिक कर्मचारियों का विनियमितीकरण आदि घाटे के नाम पर राजकीय निगमों के कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ, संवर्गों का पुनर्गठन, महंगाई भत्ते की सभी किस्तों का भुगतान आदि मांगे लंबित हैं। सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों को कुछ भी नहीं मिल पा रहा है। शिक्षकों शिक्षणेत्तर एवं विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों के भी सभी मामले लंबित हैं। मोर्चा की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री जी एवं मुख्य सचिव से आग्रह किया गया कि पूर्व की भांति मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके 27 नवंबर से पूर्व निर्णय करें वरना कर्मचारियों की पीड़ा का खामियाजा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। इप्सेफ के महासचिव श्री प्रेमचंद्र ने प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि मोर्चा इप्सेफ का घटक है इसलिए उनके आंदोलन को पूरा समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी से तत्काल हस्तक्षेप करके सद्भाव का वातावरण बनाने की अपील की है।

## बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया सत्य साई बाबा का 96 वाँ जन्मदिन

लुसाका, जाम्बिया ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी की रिपोर्ट ) : अफ्रीका में स्थित जांबिया देश के लुसाका शहर में साईं बाबा का मंदिर स्थापित है जो साईं सेंटर के नाम से लुसाका शहर में प्रसिद्ध है आज साइंस सेंटर के नई कमेटी द्वारा भगवान सत्य साईं बाबा का 98 वा जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जहां पर छोटे–छोटे बच्चों ने साईं बाबा कातिल हार निभाया और वहीं पर नृत्य कला गायन के माध्यम से एकत्रित सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया ज्ञात हो कि भारत के कोने कोने से लोग इस देश में रहते हैं जिनकी आस्था इस मंदिर से जुड़ी हुई है और यह आस्था का केंद्र बना हुआ है जहां पर हर बृहस्पतिवार को 1 घंटे भजन संध्या का कार्यक्रम रहता है और सभी लोग उपस्थित होकर अच्छी तरीके से कार्यक्रम को सफल भी बनाते हैं आज सत्य साईं बाबा के जन्मदिवस पर भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया साथ ही साथ महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया था जहां पर लोगों ने महाप्रसाद ही ग्रहण किया वहीं पर साईं सेंटर से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता श्री रजनीकांत ने बताया कि साईं बाबा बच्चों से बहुत प्यार करते थे और यदि कोई उनके सामने भूखा दिखाई भी जाता था तो पहले उसे भोजन कराते थे फिर स्वयं करते थे उन्होंने आज हम सभी भारतीय लोग इस मंदिर परिसर में एकत्रित होकर के साईं बाबा जी का जन्मदिन मनाया बहुत ही मन में हर्ष व्याप्त हुआ कि भारत के साथ–साथ अन्य देशों में भी हम सभी





भारती मिलकर भारतीय संस्कृति और संस्कार का प्रचार प्रसार और निर्माण करने का प्रयास कर रहे उन्होंने बताया कि मंदिर की स्थापना स्वर्गीय मोनिका गर्ग ने अपने कर कमलों द्वारा किया था अब वो इस दुनिया में तो नहीं है परंतु भारतीयों के लिए एक आस्था का केंद्र स्थापित कर स्वर्ग लोक को चली गई. इस अवसर पर साई सेंटर के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त श्रद्धालु व अन्य लोग मौजूद रहे।

## लायंस क्लब क्षितिज ने बताया स्कूल के बच्चों को डायविटीज से बचाव का तरीका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब क्षितिज जौनपुर ने मधुमेह जागरूकता अभियान के अवसर पर बच्चों में फिजिकल एक्टिविटी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए तिलकधारी धारी मेमोरियल कॉलेज में बच्चों का एक दिन का कैंप आयोजित कराया गया। जिसमें बच्चों को फिजिकल एक्टिविटी व आउटडोर गेम्स के लिए प्रेरित किया गया तथा बच्चों के अंदर मोबाइल गेम व टीवी वीडियो गेम आदि से दूरी बनाने हेतु उन्हें फिजिकल एक्टिविटी जैसे लंबी दौड़, कबड्डी, ताइक्वांडो, योगा आदि के माध्यम से बच्चों को फिजिकल एक्टिविटी के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य अर्चना सिंह ने सभी बच्चों को प्रतिदिन 2 घंटे फिजिकल एक्टिविटी गेम आदि खेलने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक व जोन चेयर पर्सन दिलीप सिंह में बताया कि यदि बच्चों में फिजिकल एक्टिविटी, आउटडोर गेम आदि की रुचि अभी से पैदा कर दी जाए तो आगे जाकर अपने देश कि आने वाली पीढ़ी को कई रोगों से बचाया



जा सकता है। इस अवसर पर टीडीएमसी कॉलेज के चेयरमैन कैप्टन डॉ इंद्रजीत सिंह ने सभी बच्चों को कई गेम खिलाए और बच्चों को समय का सदुपयोग कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी। इस सेवा कार्य में स्कूल के सभी टीचर्स व लायंस क्लब अध्यक्ष जय किशन साहू सचिव प्रदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बड़हलगंज में दर्दनाक हादसा : घटनास्थल पर पहुंचे एडीजी

डीकेयू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गोड़ : सोमवार की घटना को देखते हुए मंगलवार की दोपहर बारह बजे के करीब बड़हलगंज पहुंचे एडीजी अखिल कुमार ने सीओ गोला जगतनारायण कन्नौजिया व कोतवाल उमेश वाजपेयी के साथ घटनास्थल अर्थात मृतक पुष्पा के घर पहुंचे। एडीजी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतका के चारों बच्चों व रिश्तेदारों से बातचीत कर जानकारी जुटाई। तत्पश्चात कोतवाली पहुंचे एडीजी ने बताया कि दिन में इस तरह से हुई हत्या की घटना गंभीर है। हम इसे गम्भीरता से ले रहें हैं। विभिन्न पहलुओं पर हमने जांच शुरू कर दी है। एडीजी ने कहा कि प्रथम दृष्टया शूटर भाड़े के लग रहे हैं। साथ ही बहुत ही चालाकी से इस घटना को अंजाम दिया गया है। एडीजी ने कहा कि महिला की कॉल डिटेल्स व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही हम इस घटना का पर्दाफाश करेंगे। उन्होंने बताया कि घटना के पर्दाफाश के लिए टीमों को लगा दिया गया है। एडीजी ने यह बताया कि मृतिका के चारों बच्चे अब पूरी तरह अनाथ हो चुके हैं, अतः डीएम से बात कर उनकी मदद के लिए भी कहा गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*भूल होना प्रकृति है, मान लेना संस्कृति है, सुधार लेना प्रगति है–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# शहरी नियोजन : भारतीय शहरों की योजना कौन बनाता है

जब भी हमारे शहर किसी बड़े संकट का सामना करते हैं, जैसे हाल ही में चेन्नई में बाढ़ आई थी, तो भारत में शहरी नियोजन की 'अव्यवस्थित' स्थिति आदतन बहस का विषय बन जाती है। चूंकि शहरी नियोजन और उसके प्रवर्तन को भारत के 'निष्क्रिय' शहरों का गुनहगार बताया जाता है, इसलिए वर्तमान शहरी नियोजन व्यवस्था को रेखांकित करने वाली जड़ों की जांच करना महत्वपूर्ण है। शहर की योजना बनाने का अधिकार किसके पास है? भारत के शहरी नियोजन कानूनों और प्रक्रियाओं को वैसे ही क्यों बनाया गया है, जैसे वे हैं?

हालांकि भारत की सांविधानिक व्यवस्था में, शहरी नियोजन स्थानीय निर्वाचित सरकारों का कार्य है, पर भारतीय शहरों में नियोजन का कार्य मुख्य रूप से राज्य सरकार के तहत गैर–प्रतिनिधि नौकरशाही की एजेंसियों द्वारा किया जाता है। भारत की स्थानीय शासन प्रणाली में 1992 में सांविधानिक सुधारों (73वें और 74वें संशोधन के रूप में) के साथ ग्रामीण और शहरी स्थानीय सरकारों को 'स्वशासी संस्थाओं' के रूप में काम करने के लिए सशक्त बनाने के साथ महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ।

74वां संशोधन निर्वाचित नगर पालिकाओं को आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय और 12वीं अनुसूची के तहत सूचीबद्ध विषयों के लिए योजनाओं को तैयार करने और लागू करने की शक्ति प्रदान करता है। शहरी नियोजन, भूमि उपयोग का नियमन और आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नियोजन 12वीं अनुसूची में सूचीबद्ध पहले तीन विषय हैं।

इसके अलावा, 74वां संशोधन दस लाख से अधिक की आबादी वाले महानगरीय शहरों के लिए एक मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग कमेटी (एमपीसी) के निर्माण को अनिवार्य बनाता है, जिसमें कम से कम दो–तिहाई सदस्य चुने हुए स्थानीय प्रतिनिधि होते हैं, ताकि स्थानीय निकायों द्वारा तैयार की गई योजनाओं को शामिल करते हुए महानगरीय क्षेत्र के लिए विकास योजना तैयार की जा सके।

इसलिए, सांविधानिक सुधारों ने निर्वाचित नगर पालिकाओं को शहरी नियोजन के कार्य के साथ–साथ एमपीसी के साथ जोड़ा है, जो बड़े क्षेत्र के लिए योजना तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। हालांकि, नगरपालिका सरकार या एमपीसी के बजाय ये राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित विकास प्राधिकरण हैं, जो मुख्य रूप से भारत के अधिकांश प्रमुख शहरों में शहरी नियोजन का कार्य करते हैं।

विकास प्राधिकरण वैधानिक एजेंसियां हैं, जो शहर में ढांचागत विकास और आवास परियोजनाओं के साथ–साथ शहरी नियोजन के लिए जिम्मेदार हैं। ये नौकरशाही की एजेंसियां हैं, जिनकी किसी स्थानीय प्रतिनिधि या स्थानीय सरकार के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। ये एजेंसियां मास्टर प्लान तैयार करती हैं, जो हर 10–20 वर्षों में शहर भर में भूमि उपयोग और विकास को नियंत्रित करती है।

भारत की वर्तमान शहरी नियोजन प्रणाली की उत्पत्ति 1896 में बंबई में आए बुबोनिक प्लेग की प्रतिक्रिया में ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार द्वारा स्थापित योजना संस्थानों और कानूनों के कारण हुई है। प्लेग की शुरुआत तक, ब्रिटिश मुख्य रूप से छावनी और आसपास के सिविल लाइंस के प्रशासन से मतलब रखते थे, जहां वे रहते थे।

हालांकि प्लेग से बंबई की लगभग छह प्रतिशत आबादी की मौत हुई और शहर में व्यवसाय ठप हो गया, लेकिन औपनिवेशिक सरकार ने पूरे शहर में दखल देकर उसे विनियमित करने की आवश्यकता महसूस की। बॉम्बे इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट 1898 में बनाया गया था। यह ट्रस्ट भौतिक योजना बनाने, नई सड़कें बनाने, घरों के निर्माण और बीमारियों के प्रकोप को रोकने के उद्देश्य से भीड़भाड़ वाले इलाकों को कम करने के लिए जवाबदेह था।

औपनिवेशिक सरकार का मानना था कि जिन इलाकों में भारतीय रहते थे, वहां की भीड़भाड़ और अस्वच्छ स्थिति प्लेग के प्रसार का मुख्य कारण थी और इसलिए ट्रस्ट को शक्तिसंपन्न बनाकर मलिन बस्तियों को ध्वस्त करने और सुधारने का काम सौंपा गया। ऐसे ट्रस्ट बाद में कलकत्ता, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे विभिन्न शहरों में स्थापित किए गए थे।

ये ट्रस्ट नगर निगमों से स्वायत्त और समानांतर रूप से काम करते थे। ऐसे ट्रस्टों के संचालन ने सुनिश्चित किया कि औपनिवेशिक नौकरशाही निर्वाचित नगरपालिकाओं के हस्तक्षेप के बिना शहरी विकास को निर्देशित और विनियमित कर सके। यह प्रथा उत्तर–औपनिवेशिक विरासत बन गई, जिसमें सिटी इंप्रूवमेंट ट्रस्ट विकास प्राधिकरण बन गए।

समय के साथ विकास प्राधिकरण शक्तिशाली बनते गए और स्थानीय सरकारों को सत्ता विकेंद्रित करने का सांविधानिक हस्तक्षेप नौकरशाही की शक्ति संरचना को ध्वस्त नहीं कर पाया, जो राज्य में अंतर्निहित हो गया। 74वें संशोधन के पारित होने के करीब तीन दशक बाद, शहरी नियोजन और विकास प्राधिकरणों को नियंत्रित करने वाले कानूनों में लोकतांत्रिक नियोजन प्रक्रियाओं को स्थापित करने के लिए कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। शहरी नियोजन के लिए अधिकांश राज्य केंद्र सरकार के 1960 के मॉडल टाउन ऐंड कंट्री प्लानिंग कानून पर निर्भर हैं, जो स्वयं 1947 के ब्रिटिश टाउन ऐंड कंट्री प्लानिंग ऐक्ट से लिया गया है, जबकि ब्रिटेन में भी इसे पूरी तरह से बदल दिया गया है।

जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा ज्यादा गतिशील नियोजन प्रक्रियाओं को अपना रहा है, भारत में नियोजन व्यवस्था 'मास्टर प्लान' पर टिकी है, जो सैद्धांतिक रूप से शहर में किसी भी विकास को निर्धारित और नियंत्रित करती है। हालांकि, राज्य नियोजन कानूनों के अनुसार, मास्टर प्लान ज्यादातर भूमि–उपयोग और इमारतों को विनियमित करने के लिए एक स्थानिक उपकरण है और योजना में परिवहन या पर्यावरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है।

भले ही इन क्षेत्रों को योजना दस्तावेज में शामिल किया गया हो, जैसा कि कुछ नए मास्टर प्लान करते हैं, पर ऐसे प्रावधान कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं। इस तरह योजना शहर के आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक जैसे विभिन्न श्रेणियों के सख्त विभाजन पर केंद्रित है।

ऐसी योजना प्रणाली भारत की शहरी वास्तविकताओं के बारे में बहुत कम बात करती है, जिसकी विशेषता विविधता और गतिशील स्थान हैं, जिसके चरित्र में ऐतिहासिक रूप से स्थानों का मिश्रित उपयोग है। नतीजतन, भारतीय शहरों में कागज पर योजना और जमीन पर निर्मित रूप के बीच विशाल विरोधाभास आश्चर्यजनक नहीं होना चाहिए।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

# डीएम किये परफॉर्मेंस ग्रांड की समीक्षा बैठक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने विकास भवन सभागार में परफॉर्मेंस ग्रांड की समीक्षा बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने विकास खंडों में चल रहे कार्यों को गुणवत्ता युक्त पूर्ण करें 32 ग्राम पंचायतों के विकास हेतु 249 करोड़ शासन द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है ग्राम पंचायतों में आय के स्रोत को सृजित करने का कार्य करें केंचुआ युक्त कंपोस्ट की खाद बनाया जाये किसानों को सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए जिससे किसानों की पैदावार बड़े और पंचायतों का राजस्व बढ़ सके। जल मिशन योजना के अंतर्गत हर घर में जल उपलब्ध कराने के लिए बनाया जाए रहे पानी की टंकियों को बेहतर तरीके से बनाया जाए जिससे लाइफ टाइम तक पानी की टंकी चल सके और ग्रामीण शुद्ध पानी उपयोग कर सकें। गांव में कच्ची सड़कों को पक्की बनाने की योजना के अंतर्गत इंटरलॉकिंग रोड को ना बनाकर सीसी रोड बनाया जाए जिससे अत्यधिक दिन तक रोड चल सके गांव का विकास होगा तभी शहर का विकास होगा शहर राज्य और देश की तरक्की तभी होगा जब गांव का विकास होगा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे महत्वाकांक्षी



योजनाओं को गुणवत्ता युक्त जल्द से जल्द पूरा किया जाए प्राथमिक विद्यालयों व खेल के मैदान बाउंड्री वॉल युक्त बनाया जाए मनरेगा मजदूरों के द्वारा जिससे मनरेगा मजदूर का जीविकोपार्जन बेहतर तरीके से चल सके। बैठक में सीडीओ इंद्रजीत सिंह डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत पंचायत सचिव ग्रामीण अभियंत्रण जेई व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के प्रकरण में अभियुक्त को दस साल की सजा : पचास हजार जुर्माना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शौच के लिए गई महिला के साथ जबरन दुष्कर्म करने के आरोपी के खिलाफ जुर्म साबित हो चुका है। आरोपी का जुर्म साबित होने पर अपर जिला व सत्र न्यायाधीश दीपक यादव ने अभियुक्त को दस साल की कड़ी कैद एवं पच्चास हजार रूपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चन्दन कुमार सिंह के अनुसार थाना लोनार क्षेत्र के अम्बेडकरनगर मजरा बरसोहिया निवासी संजय कुमार के खिलाफ 12 मई 2014 की रात करीब आठ बजे गांव की ही एक महिला के साथ तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप था। घटना के पहले पीड़िता अपनी भांजी के साथ गांव के पश्चिम शौच के लिए गयी थी वहां से घर वापस आते समय अभियुक्त तमंचा लेकर मिला और पीड़िता के साथ जबरिया दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर पर गांव के लोगों के आ जाने पर अभियुक्त जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। घटना की रिपोर्ट अदालत के आदेश पर अभियुक्त के खिलाफ थाने पर नामजद दर्ज हुई। विद्वान न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से पेश किए गए सबूतों व दलीलों के अलावा पीड़िता के बयानों के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ जुर्म साबित पाते हुए उसे दस साल की कड़ी कैद व पच्चास हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा दी है। न्यायाधीश ने अभियुक्त द्वारा जुर्माना धनराशि अदा करने पर उसमें से आधी धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिकर के रुप में भुगतान करने का भी फरमान जारी किया है।

## डीएम व सीडीओ ने ब्लॉक पी0पी0कमैचा के अंतर्गत विकास कार्यों व गोवंश आश्रय स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स्य ने मंगलवार के अपरान्ह में विकास खंड प्रतापपुर कमैचा के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों व गोवंश आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया । उन्होंने निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों को दूर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी गुप्ता ने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत शेषनपुरपुर के अंतर्गत संचालित निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें 66 गोवंश संरक्षित पाए गए ।उन्होने पाया कि एक नवीन शेड निर्माणाधीन है, जिसे तत्काल पूरा कर गोवंश की संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने शीत ऋतु के आसन्न होने पर पशुओं के बचाव के लिए त्रिपाल आदि लगाने के भी निर्देश संबंधित को दिए। तदुपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत शेषनपुर में पिच रोड से तिवारीपुर चकमार्ग का निरीक्षण किया और पत्रावली का भी अवलोकन किया । रोड का कार्य पूर्ण पाया गया । डीएम को ग्राम वासियों के द्वारा यह बताया गया कि इस चक मार्ग के बनने से ग्रामीणों के लिए आवागमन सुलभ हुआ है । इसके पश्चात जिलाधकारी के द्वारा साधन सहकारी समिति चितवनपुर का निरीक्षण किया गया । मौके पर सहकारी समिति की बिल्डिंग जर्जर पाई गई ,जिसे क्षेत्र पंचायत के द्वारा मरम्मत कराने के निर्देश डीएम ने खंड विकास अधिकारी पी0पी0कमैचा को दिया । उन्होंने प्रभारी को निर्देशित किया कि पिछले वर्षों में जिसने धान की खरीद की थी, उनसे संपर्क कर धान खरीद की मात्रा बढ़ाएं । इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पीएचसी




में चितवनपुर में संचालित टीकाकरण सेंटर निरीक्षण किया,जिसमें पाया गया कि कुल 28 लोगों को ही वैक्सीन लगी है । उन्होंने एएनएम को निर्देश दिया कि मोबाइल टीमों के द्वारा घर– घर जाकर शेष व्यक्तियों को भी वैक्सीन लगाई जाए तथा द्वितीय डोज वैक्सीन भी लगवाने हेतु वेटिंग लिस्ट जारी की जाए । इसके पश्चात डीएम ने ग्राम पंचायत मल्हीपुर में नदी पर बन रहे पुल का निरीक्षण भी किया। अधिशाषी अभियंता, सेतु निगम के द्वारा बताया गया की माह अक्टूबर 2022 में कार्य पूर्ण करने का समय दिया गया है ,समय रहते ही लक्ष्य/कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा । उन्होंने डीएम को बताया कि एक मात्र पिलर निर्माण का कार्य शेष है, जिसे माह मार्च 22 तक पूर्ण कर लिया जाएगा । निरीक्षण के समय जिलाधिकारी के साथ सी0डी0ओ0 अतुल वत्स्य ,खंड विकास अधिकारी पी0पी0 कमैचा श्री ज्ञानेंद्र मिश्र , जे0बी0डी0ओ0अनीस अहमद ,ए0पी0ओ0 नवीन मिश्रा,ग्राम पंचायत सचिव रमेश यादव ,शेषनपुर प्रधान संजय कुमार सिंह ,सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) धर्मेंद्र गौतम ,ग्राम प्रधान चितवनपुर श्रीमती रीता यादव, सचिव मल्हीपुर संगम लाल पटेल सहित अन्य समय संबंधित उपस्थित रहे।

## आत्महत्या के दुष्प्रेरण में जज पीके जयंत की अदालत ने दोषी पति को सुनाई पांच वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विवाहिता को आत्महत्या के लिए विवश करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश नवम पीके जयंत की अदालत ने दोषी पति मुनौव्वर को पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं सात हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बेथरा गांव से जुड़ा है। जहाँ के रहने वाले मुनौव्वर के साथ अभियोगिनी अजीजा खातून ने घटना के करीब सात वर्ष पूर्व अपनी बेटी नुसरत जहां की शादी संपन्न कराई थी,जिसके तीन बच्चे भी थे। आरोप के मुताबिक मुनौव्वर की इसके पहले भी एक शादी हुई थी,जिसकी पहली बीबी के भी तीन बच्चे थे। अभियोगिनी के जरिये दोस्तपुर थाने में 19 जनवरी 2008 को दर्ज कराई गई एफआईआर में लगाये गए आरोप के मुताबिक मुनौव्वर का दोनो पत्नियों के अलावा अन्य किसी महिला से भी अवैध सम्बन्ध हो गया था,जिसकी वजह से वह अभियोगिनी की पुत्री नुसरत जहां को अक्सर प्रताड़ित करता रहा और अक्सर तलाक दे देने की धमकी देकर उसे कहीं जाकर मर जाने की बात कहता रहा। नुसरत को प्रताड़ित करने में सास किताबुल निशा की भी भूमिका बताई गई। आरोप के मुताबिक पति व सास की प्रताड़ना एवं रोज–रोज के ताने से विवश होकर नुसरत ने केबल तार से लटककर अपनी जान दे दी। इस मामले में आरोपी पति मुनौव्वर व सास किताबुल निशा के खिलाफ गम्भीर आरोपो में मुकदमा दर्ज हुआ और आरोप–पत्र भी कोर्ट में दाखिल हुआ। मामले का विचारण एडीजे नवम की अदालत में चला। विचारण के दौरान आरोपी सास की मृत्यु हो गई। वहीं अकेले पति के खिलाफ चले विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष के शासकीय अधिवक्ता अतुल कुमार शुक्ल ने अपने साक्ष्यों एवं तर्को को प्रस्तुत कर आरोपी को दोषी ठहराकर कड़ी सजा से दण्डित किये जाने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने नुसरत को आर्थिक तंगी की वजह से आत्महत्या कर लेने का तर्क रखते हुए आरोपी को बेकसूर बताया। उभय पक्षों को सुनने के पश्चात जज पीके जयंत की अदालत ने बीते 20 नवम्बर को आरोपी पति को प्रताड़ना व आत्महत्या के दुष्प्रेरण के आरोप में दोषी ठहराया। जिसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के पश्चात अदालत ने आज दोषी पति मुनौव्वर को पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं सात हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दण्डित किये जाने जा फैसला सुनाया है।

# रिहायशी क्षेत्र से श्मशान घाट शिफ्ट होंगे, मोतीझील, यमुना झील , टिकैतराय तालाब का होगा कायाकल्प

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उपेक्षित टिकैतराय तालाब का करीब 68 लाख से कायाकल्प किया जाएगा। यहाँ फव्वारा खराब है, बिजली की सप्लाई बाधित है और तालाब के मुख्य द्वार का गेट टूटा होने के साथ ही कई अन्य समस्याएं हैं। इन्हें दुरुस्त कर लखनऊ विकास प्राधिकरण (लविप्रा) तालाब का सुंदरीकरण भी करेगा। मोती झील का अतिक्रमण हटाने के साथ ही इसका भी कायाकल्प किया जाएगा। साथ ही बीच में यातायात सुधार करने के लिए सड़क निर्माण की जाएगी।काला पहाड़, रायबरेली रोड स्थित एल्डिको झील पर भी विप्रा पिछले माह से काम करा रहा है। अब योजना की गति तेज हो सकी है। मंडलायुक्त रंजन कुमार ने अपने कार्यालय में मंगलवार को लविप्रा अफसरों व सांसद प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। लविप्रा के मुख्य अभियंता इंदू शेखर सिंह ने बताया कि टिकैतराय तालाब के सुंदरीकरण का टेंडर कराया जा चुका है। जल्द ही काम चालू हो जाएगा। मंडलायुक्त ने मोती झील व यमुना झील की सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र सरोजनीनगर के विकास में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने रिहायशी क्षेत्र के श्मशान घाट शहर के बाहर किए जाने के संबंध में इकाना स्टेडियम के बगल में 30 एकड़ भूमि पर मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए। इस तीस एकड़ जमीन पर वेटलैंड



विकसित किया जाएगा और उसे झील का रूप देने की प्रक्रिया लविप्रा शुरू कर रहा है। यहां अप्रवासी पक्षियों का आना होता है। पक्षी विहार की तर्ज पर यहां पर्यटक आ सकेंगे। कई वाच टावर बनाने के साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए खाका खींचा जा रहा है। पी डब्लू डी, श्रमिक, एलडीए, नगर निगम की रेंटेड कॉलोनी के लिए योजना बनाई। अतिक्रमण हटाया जाएगा। बैठक में सासंद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय प्रभारी एवं जनसंपर्क अधिकारी डा.राघवेंद्र शुक्ला, एलडीए चीफ इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सेक्रेटरी, एडिशनल कमिश्नर,अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, लीडा/सीडा, संजीव सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि कानूनों की वापसी के बाद आखिर जिसका डर था वही हो रहा : ओवैसी ने दी धमकी यूपी को बना देंगे शाहीन बाग

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गुरू पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हितों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र के नाम संबोधन में तीन कृषि कानूनों को समाप्त करने का ऐतिहासिक ऐलान कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सच्चे मन से और पवित्र हृदय से कहा कि उनकी तपस्या में कोई कमी रह गयी होगी जिसके कारण दीये जैसा सत्य वह किसानां को समझा नहीं पाये। दूसरी बात उन्होंने यह कही कि इन कृषि कानूनों का विरोध किसानों का एक वर्ग ही कर रहा था लेकिन सरकार के लिये ये वर्ग भी महत्वपूर्ण था । उन्होंने देशवासियों से क्षमा मांगते हुए यह सभी कानून वापस ले लिये और किसानों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए एक कमेटी बनाने का भी ऐलान कर दिया है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा था कि किसानों के लिए कृषि कानूनों को लागू किया था देश के लिए वापस। सभी राजनैतिक विष्लेषकों व सरकार के रणनीतिकारों का अनुमान था कि जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संबोधन में कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान करेंगे उसके बाद किसान नेताओं व संगठनों में खुशी की लहर आ जायेगी, और वे आन्दोलन समाप्त कर देंगे। खुशी तो आयी लेकिन अड़ियल रुख अभी भी नहीं बदला आन्दोलनकारियों जिससे यह साफ हो रहा है कि यह किसान आंदोलन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और इसके तार भारत विरोधी विदेषी ताकतों से जुड़ें हैं। अब किसान संगठनों ने अपनी छह नयी मांगे रख दी हैं और सरकार के लिए अभी भी सिरदर्द बने हुए हैं। हालाँकि प्रधानमंत्री द्वारा कानूनों को वापस लेने के बाद देश के विरोधी दलों ने सोशल मीडिया पर जरूर अपना विजय दिवस मना लिया है और उन्हें लग रहा है कि अब उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी को हराने का एक ब्रहमास्त्र मिल चुका है। प्रधानमंत्री के ऐलान के बाद किसान संगठनों व उनकी आड़ में अपनी राजनीति को चमकाने वाले सभी राजनैतिक दलों के लिए यह मुददा अब हाथ से निकल चुका है। अब इन दलों ने किसानों को फिर नये सिरे से भड़का दिया है। विरोधी दललों के नेता सोशल मीडिया पर ट्वीट कर रहे हैं और पत्र लेखन करने वाले नेता विशेषकर उत्तर प्रदेश के नेता जिसमें कांग्रेस की प्रियंका गांधी वार्द्रा सहित बीजेपी सांसद वरूण गांधी ने भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपनी राजनीति को चमकाने का प्रयास किया है और किसानों को भड़काने का भी। अब ये लोग किसानां को एमएसपी की गारंटी, पराली, बिजली और लखीमपुर कांड में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री की मंत्रिपरिषद से बर्खास्तगी व गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गये हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने जिन लोगों का धन लिया है उसका मूल्य चुकाने के लिए आंदोलन करते चले जा रहे हैं। अगर केंद्र सरकार किसानों की सभी मांगे मान भी लेती है तब भी क्या सभी किसान संगठन अपना आंदोलन समाप्त करके घर चले जायेंगे इसमें संदेह हो रहा है। सच तो यह है कियह किसान नेता अंदर ही अंदर डर रहे हैं और उनके पास भी बच निकलने का कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। लाल किले की हिंसा के दोषियों पर अदालत में मुकदमा भी चल रहा है। यह भी डर मन ही मन सता रहा है कि कहीं आंदोलन समाप्त करवाने के बाद केंद्र सरकार व दिल्ली पुलिस लाल किले पर हिंसा भड़काने के दोषियों पर कड़ी कार्यवाही न प्रारंभ कर दे। यह सभी किसान संगठन व आंदोलन एक बहुत बड़ी भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है। विदेशी ताकतें इन किसान संगठनों का उपयोग अपने स्वार्थ के लिए कर रही हैं। यही कारण है कि अभी तक कृषि कानूनों की वापसी के बाद भी यह किसान नेता व संगठन अपना आंदोलन समाप्त करने के लिये तैयार नहीं हो रहे हैं और इनकी मांगे लगातार सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही हैं। यह किसान आंदोलन पूरी तरह से राजनीति से प्ररित है और भारत की एकता के खिलाफ है। प्रधानमंत्री ने पूरी खुफिया जानकारियां होने के बाद ही देश की राष्ट्रीय एकता अखंडता व सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यह कानून वापस लिये हैं। यह पूरी जानकारियां आ गयी थी कि आगामी पांच राज्यां के चुनाव विशेषकर पंजाब, यूपी व उत्तराखंड में किसान आंदोलन के नाम पर अराजकतावादी जमकर उपद्रव मचाने वाले हैं और किसी बड़ी विशेष घटना को अंजाम देने की फिराक में है। अतः प्रधानमंत्री ने देश को एक बड़े खतरे से बचा लिया है। प्रधानमंत्री ने अपने एक फैसले से सभी देश विरोधी साजिशों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है यही कारण है कि अब भी यह किसान नेता व संगठन अपने विदेशी सहयोगियों की योजना को पूरा करने के लिये अपना आंदोलन अभी भी जारी रखे हुए हैं। यह लोग सरकारी तंत्र को हिंसा व उपद्रव करने के लिए उकसाने की साजिशें रच रहे हैं। प्रधानमंत्री के अचानक ऐलान से सभी दल व संगठन हतप्रभ रह गये हैं और उनके हाथ से एक बहुत बड़ा मुददा समाप्त हो गया है। अब यह लोग नये मुददे उठाकर सरकार व बीजेपी को परेशान करने के लिए एक बार फिर मैदान में उतर रहे हैं व लगातार धमकियां भी देने लग गये हैं। कृषि कानूनों की वापसी के बाद जो संगठन पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे थे वह भी अचानक से जोश व उत्साह में आ गये हैं और प्रधानमंत्री से मांग करने लग गये हैं कि जिस प्रकार से आपने कृषि कानूनों को वापस लिया है उसी प्रकार से पुरानी पेंशन को बहाल कर दीजिये। अब लोग अपनी राजनीति को चमकाने के लिए पुराने मुददों को उठा रहे हैं और भाजपा के लिए नयी समस्याओं को पैदा करने का प्रयास करने लग गये हैं। उधर जम्मू कश्मीर में गुपकार गठबंधन भी बेहद उत्साह में आ गया है और उसे भी आशा की एक नयी किरण दिखाई पडने लग गयी है। उप्र में 2022 में विधानसभा चुनाव की तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच रही है। सभी दल अपने मुददो को धार देने लग गये हैं। आल इंडिया मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुददीन ओवैसी ने मांग की है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम और नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर के फैसले को भी निरस्त किया जाना चाहिए। बाराबंकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आवैसी ने चेतावनी दी है कि अगर सीएए और एनआरसी को समाप्त नहीं किया गया तो प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरेंगे और इसे शाहीन बाग में बदल देंगे। लखनऊ में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की बैठक में समान नागरिक संहिता का अस्वीकार कर दिया गया है और सरकार को सीधी चेतावनी जारी की गयी है। वहीं देश के सभी मुस्लिम संगठन जनसंख्या नियंत्रण कानून का भी पहले से ही विरोध करते आ रहे हैं। लेकिन जो लोग यह समझ रहे हैं कि इस कृषि कानूनों के विरोध की आड़ में उन्होंने यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के रणनीतिकारों को दबाव में ला दिया है और अब उन्हें हर बात पर झुकाया जा सकता है यही उनकी बहुत बड़ी गलती साबित होने जा रही है, आने वाले दिनों में। प्रधानमंत्री ने अंत में यह भी कहा है कि अब वह और उनकी सरकार और अधिक मेहनत करेगी तथा किसानों की सभी समस्याओं का समाधान निकाला जायेगा।

# भाजपा किसान मोर्चा सरकार के समर्थन में 25 नवंबर को निकालेगी विशाल ट्रैक्टर रैली

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा 25 नवंबर को एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकालेगी ।भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री विनोद सिंह ने बताया की पयागीपुर आईटीआई के पास से 12:00 बजे दोपहर निकलने वाली ट्रैक्टर रैली का समापन तिकोनिया पार्क में होगा ।तिकोनिया पार्क में सभा भी आयोजित होगी ।भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोविंद तिवारी टाड़ा के संयोजकत्व में निकालने वाली रैली में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर को लेकर रैली में शामिल होंगे ।प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया की ट्रैक्टर रैली को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने तैयारी शुरू कर दी है। ट्रेक्टर रैली में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुरेश मौर्या उपस्थित रहेंगे ।इस रैली में पूरे जिले के 26 मंडलों से 1000 ट्रैक्टर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर क्षेत्रीय महामंत्री एवं क्षेत्रीय मंत्री ने कार्यक्रम स्थल एव पार्किंग स्थल का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : टीडी कॉलेज के प्रांगण में होने वाले बूथ सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर आज काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय मंत्री राकेश शर्मा ने जौनपुर पदाधिकारियों संघ एक बैठक बुलाई जिसमें कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा बनाई गई इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को उनकी–अपनी जिम्मेदारियों से अवगत कराया, सुशील त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी होंगे जिनकी सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर सारे कार्य पूर्ण किए जाएंगे कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़े पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारी दी गई हर एक स्थान पर कार्यों को पूर्ण करने के लिए प्रमुख कार्यकर्ता रखे जाएंगे इस कार्यक्रम में भाजपा काशी क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेगी। जगह जगह स्वास्थ्य कर्मी व जलपान की व्यवस्था होगी वीआईपी आवागमन के कारण सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद होगी चप्पे–चप्पे पर गाड़ियों की और आने वाले आगंतुकों की जांच की जाएगी। क्षेत्रीय मंत्री राकेश शर्मा ने बताया कि मंच के आसपास व विशिष्ट अतिथि गणों में प्रवेशिका बनाई जाएगी जिसके तहत प्रवेश सुनिश्चित होगा इस बैठक में जिले के सभी उच्च पदाधिकारी गण मौजूद रहे बैठक पूर्ण होने के बाद जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह जी ने कहा की आगामी होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय मंत्री राकेश शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उनके द्वारा प्राप्त निर्देशों को जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल सहित 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 23.11.2021 को थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा एक चोरी की मोटरसाइकिल बदले हुये नम्बर प्लेट के साथ मय दो अभियुक्तगण 1.अजय यादव उर्फ बीरु पुत्र स्व0 रामकिशुन यादव निवासी नरकटाफोक थाना चन्दवक जौनपुर 2.सद्दाम हुसैन पुत्र अहमद नूर निवासी शाहपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को बलरामपुर तिराहे से समय करीब 22.30 बजे रात्रि मे गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणदृ 1.अजय यादव उर्फ बीरु पुत्र स्व0 रामकिशुन यादव निवासी नरकटाफोक थाना चन्दवक जौनपुर। 2. सद्दाम पुत्र अहमद नूर निवासी शाहपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद। आपराधिक इतिहास अभियुक्त– अजय यादव उर्फ बीरु पुत्र स्व0 रामकिशुन यादव। 1– मु0अ0सं0 1294/17 धारा 41/411/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2– मु0अ0सं0 88/18 धारा 411/413/414/419/420 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3– मु0अ0सं0 22/19 धारा 41/411/413 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4– मु0अ0सं0 198/19 धारा 41/411/413 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 5– मु0अ0सं0 293/19 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 6– मु0अ0सं0 79/20 धारा 401 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 7– मु0अ0सं0 149/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 8– मु0अ0सं0 187/20 धारा 41/411/413/419/420/467/468/471 भादवि थाना चन्दवक जौनपुर। 9– मु0अ0सं0 270/21 धारा 411/420/467/468 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास अभियुक्त– सद्दाम पुत्र अहमद नूर निवासी शाहपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद। 1. मु0अ0सं0 270/21 धारा 411/420/467/468 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। बरामदगी – 1. एक चोरी की मोटरसाइकिल पैसन प्रो रंग सफेद। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम – 1. उ0नि0 त्रिवेणी सिंह चौकी प्रभारी पतरही थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 सुदिष्ट नारायण सिंह, हे0का0 संजय सिंह, हे0का0 सुनील राय, का0 मनिन्द्र यादव, का0 ओम प्रकाश थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर चोर को थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध में सघन अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनाकं 24/11/2021 समय करीब 09.30 बजे चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 386/21 धारा 379 भादवि थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज से सम्बन्धित वाहन के साथ अभियुक्त संदीप पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल निवासी गुलरा सोहासा थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 20 को पुरउपुर नहर प्रयागराज रोड के पास से गिरफ्तार कर , कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गयी एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. संदीप पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल निवासी गुलरा सोहासा थाना मुगराबादशाहपुर



जौनपुर उम्र 20। बरामदगी – 1. एक चोरी की मोटरसाइकिल। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 233/2021 धारा 411/420/467/468/471 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 386/21 धारा 379 भादवि थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 सदानन्द राय, थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2.उ0नि0 दिनेश कुमार , हे0का0 विनोद कुमार सिंह ,का0 अभिमन्यू यादव,का0 रवि प्रकाश यादव,का0 विकाश कुमार,का0 गया प्रसाद पटेल थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

## थाना बक्सा, सरायख्वाजा व बदलापुर की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी जौनपुर के कुशल निर्देशन मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में चलाये जा रहे वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना बक्सा पुलिस टीम बैजाराम पुलिया पर मौजूद थे कि जरिये मुखबीर खास सूचना मिली कि दो बदमाश मोटरसाईकिल से किसी बड़ी वारदात को करने के लिए इसी पुलिया से जौनपुर जाने वाले हैं, इस पर विश्वास कर पास के थाना सरायख्वाजा पुलिस व थाना बदलापुर पुलिस टीम को बुलाया गया तथा संयुक्त रुप से टीमों द्वारा मोटरसाईकिल सवार दो बदमाशों को रोकने का इशारा किया गया तो उसमें से एक बदमाश ने पुलिस टीम पर लक्ष्य करके फायर कर दिया , इसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभियुक्तगण 1–सौरभ सिहं पुत्र कुँवर सिह ग्राम रजनीपुर थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष 2–जयेश पाल पुत्र राजनारायण पाल ग्राम रतासी थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र 24 वर्ष को दिनांक–23/24.11.2021 की रात्रि में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमन्चा मय जिन्दा कारतूस , खोखा कारतूस व 03 मोबाइल फोन व दो जोड़ी पायल सफेद धातु की व 6 विभिन्न आईडीकार्ड व नकदी 20100 रूपये बरामद किया गया, जिसके सम्बंध में मु0अ0सं0 365/21 धारा 307/419/420/411 भादवि व मु0अ0सं0–366/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0स0 367/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1–सौरभ सिहं पुत्र कुँवर सिह ग्राम रजनीपुर थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष। 2–जयेश पाल पुत्र



राजनारायण पाल ग्राम रतासी थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र 24 वर्ष। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 365/21 धारा 307/419/420/411 भादवि थाना बक्शा जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–366/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जौनपुर। 3.मु0अ0स0 367/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जौनपुर । 4.मु0अ0सं0–105/21 धारा 392/411 भादवि थाना सिगरामऊ जौनपुर। 5. मु0अ0सं0 351/21 धारा 392/411 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 6. मु0अ0सं0 357/21 धारा 392/506/411 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 7. मु0अ0सं0–287/21 धारा 356/411 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर । 8.मु0अ0सं0 342/21 धारा 356/411 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक अवैध तमन्चा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर। 2. एक अवैध तमंचा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर। 3. तीन मोबाइल फोन। 4. दो जोड़ी पायल सफेद धातू की। 5. 6 विभिन्न आईडीकार्ड। 6. लूटे हुए 20100 रूपये। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. नि0 दिव्यप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष थाना बक्शा जौनपुर मय हमराह। 2. नि0 देवानन्द, प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा मय हमराह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3. नि0 संजय वर्मा, प्रभारी बदलापुर मय हमराह थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

## कैट ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अमेरिकी ई–कॉमर्स कंपनी अमेजॉन द्वारा अपने ई–कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से गांजा एवं अन्य अवैध वस्तुओं की बिक्री किए जाने पर अमेजॉन के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजा अमेजन के अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की तथा अमेजॉन के ई कॉमर्स पोर्टल को भारत में निलंबित करने की मांग की। मध्य प्रदेश में 17 किलो एवं विशाखापट्टनम में 48 किलो गांजा बिक्री के मामले सामने आने पर व्यापारियों ने चिंता जताई। अमेरिकी ई–कॉमर्स कंपनी अमेजॉन द्वारा लगातार भारत के नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए नशीले पदार्थ गांजा एवं अन्य अवैध पदार्थों की बिक्री किए जाने के विषय को गंभीरता से लेते हुए कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ,उत्तर प्रदेश चौप्टर के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर अमेजॉन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की ज्ञातव्य है कि पिछले सप्ताह मध्य प्रदेश एवं विशाखापट्टनम में अमेजॉन के पोर्टल के माध्यम से गांजा बिक्री की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजा बरामद किया है तथा इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक युवक द्वारा अमेजॉन के माध्यम से जहर मंगा कर आत्महत्या की गई जिस के संबंध में युवक के पिता ने इंदौर के जिलाधिकारी को शिकायत दी है। कनफेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर अमेजॉन के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की तथा अमेजॉन के अधिकारियों को तत्काल गिरफ्तारी की मांग की एवं अमेजॉन के ई कॉमर्स पोर्टल को भारत में निलंबित किए जाने की मांग की व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा कि विदेशी ई–कॉमर्स कंपनी ऐमेजॉन ना केवल परंपरागत व्यापारियों को नुकसान पहुंचा रही है बल्कि देश के कानूनों का उल्लंघन करते हुए देश विरोधी कार्य कर रही है तथा मादक पदार्थों की तस्करी अपने पोर्टल के माध्यम से कर रहीं है यह एक गंभीर विषय है इस पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।

## थाना कोतवाली पुलिस ने 10 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षेण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना कोतवाली जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा मुखवीर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र राम चन्द्र नि0 मोहन टाकिज उर्दूबाजार थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को एक पिपिया में 10 लीटर नजायज देशी कच्ची शराब के साथ सदभावना पुल से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 324/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम मनोज कुमार पुत्र राम चन्द्र नि0 मोहन टाकिज उर्दूबाजार थाना कोतवाली जनपद जौनपुर उपरोक्त के पंजीकृत है । आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मनोज कुमार पुत्र राम चन्द्र नि0 मोहन टाकिज उर्दुबाजार थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1. एक पिपिया में 10 लीटर नजायज देशी कच्ची शराब। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 चन्दन कुमार राय, चौकी प्रभारी राजकालेज थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 2. का0 पप्पू गौड़ थाना कोतवाली जौनपुर।

## थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं श्रीमान् क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मय हमराहियान द्वारा आज दिनांक 24.11.2021 को समय 09.45 बजे सुबह एक नफर वारण्टी मूलचन्द्र पुत्र लालजी निवासी ग्राम बनपुरवा परेवा थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर उम्र करीब 50 वर्ष सम्बन्धित वारण्ट मु0नं0 649/20 धारा 323/504 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर जारी द्वारा मा0 न्यायालय श्रीमान् स्पेशल मजिस्ट्रेट प्रथम कोर्ट नं0 29 जौनपुर तारीख पेशी 06.01.2022 को उसके घर के सामने से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. मूलचन्द्र पुत्र लालजी निवासी ग्राम बनपुरवा परेवा थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। सम्बन्धित मुकदमा– 1. मु0नं0 649/20 धारा 323/504 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम – 1.थानाध्यक्ष कमलेश कुमार, थाना नेवढ़िया जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री रामबहादुर यादव, का0 राजाभइया यादव, का0 अमित कुमार यादव थाना नेवढ़िया जौनपुर।

## 26 नवंबर से सदस्यता अभियान चलाएगी पीसीसी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 नवंबर से प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्यता



अभियान चलाएगी। सदस्यता अभियान की शुरुआत दलित बस्ती से की जाएगी। प्रदेश में एक करोड़ सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी 15 दिन में बनाएगी। प्रत्येक वार्ड और ग्राम पंचायतों में सदस्यता अभियान चलेगा साथ ही केनोपी लगाकर बस स्टॉप रेलवे स्टेशन पर भी सदस्य बनाए जाएंगे।

## वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम में विभिन्न बिन्दुओं पर दिये दिशा–निर्देश

जौनपुर सू.वि. : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण–2022 से सम्बन्धित वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम में विभिन्न बिन्दुओं पर दिशा–निर्देश प्रदान किये गये, जिसके अन्तर्गत 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए अभियान चलाकर जागरुक करें। जेंडर रेशियो निर्धारित मानक के अनुरूप किए जाने हेतु छूटे हुए महिलाओं के सम्मिलित किए जाने हेतु अपेक्षा की। मतदाता सूची में सम्मिलित मृतक, डबल शिफ्टेड मतदाताओं के नाम विलोपित किए जाने हेतु बीएलए के माध्यम से चिन्हीकरण कराकर एवं फॉर्म–7 भराकर आवेदन प्रस्तुत कराने में सहयोग की अपेक्षा की। 80 प्लस मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलट से मतदान कराए जाने हेतु टैगिंग हेतु उनके चिन्हीकरण कराकर एवं फॉर्म–7 पर आवेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश और जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय उपस्थित रहे।

## जल्द रखी जाएगी नव्य अयोध्या की आधारशिला, संघ प्रमुख का दौरा अब दिखा रहा रंग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या के विकास की घोषणाएं तो बहुत हैं लेकिन जमीन पर बहुतों का उतरना अभी बाकी है। इसी बीच बीते महीने यहां अयोध्या में संघ प्रमुख मोहन भागवत का दो दिन का हुआ प्रवास भी अब रंग दिखाने जा रहा है।1200 एकड़ में बसने वाली नव्य अयोध्या पर काम शुरू हो गया है। कोशिश है कि अगले महीने इसकी आधारशिला मुख्यमंत्री से रखवाई जाए। प्रथम चरण में लखनऊ–गोरखपुर हाईवे से प्रस्तावित नव्य अयोध्या के लिंक रोड, धर्मपथ और आवास विकास के कार्यालय के लिए भूमि की नापजोख मंगलवार को शुरू हो गई।दरअसल बीते अक्टूबर माह में 19 व 20 को अयोध्या में संघ प्रमुख मोहन भागवत का दो दिवसीय प्रवास रहा। वह जिस कार्यक्रम में आए थे वह कार्यक्रम कारसेवकपुरम में आयोजित था। उसी के पास राम मंदिर निर्माण की कार्यशाला भी है।संघ प्रमुख मोहन भागवत कारसेवकरपुरम से ही रामलला का दर्शन करने जन्मभूमि गए थे।कारसेवक पुरम से राम जन्मभूमि की दूरी लगभग तीन किलोमीटर है। भाजपा के जिम्मेदार सूत्र बताते हैं कि मोहन भागवत को कारसेवक पुरम से राम जन्मभूमि तक जाने में कहीं कुछ अयोध्या में नया परिवर्तन व विकास नहीं दिखा। यहां तक की रामलला का दर्शन करने भी उनको उसी पुराने मार्ग से ले जाया गया जिस रास्ते से तब जाया जाता था जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आया था।

## 22 जनवरी 2022 को "विशेष लोक अदालत" का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में वैवाहिक विवाद से सम्बन्धित प्री–लिटिगेशन "विशेष लोक अदालत" का आयोजन 22 जनवरी 2022 को माननीय जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया जाना है। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत ने बताया कि पति व पत्नी के मध्य विभिन्न कारणों से उत्पन्न हुए विवाद, वैवाहिक विवाद माने जाते है, जिसका बिना मुकदमा किये प्री–लिटिगेशन स्तर पर समाधान हेतु प्रार्थना पत्र पति व पत्नी अथवा नजदीकी रिश्तेदार, जिले के दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर या किसी भी व्यक्ति के माध्यम से दे सकते है। प्रार्थना पत्र में विवाद का संक्षिप्त विवरण प्रार्थी/प्रार्थिनी तथा विपक्षी का नाम व पता, फोन नं0, फोटोग्राफ एवं पहचान पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विपक्षी को नोटिस भेजकर बुलाया जायेगा और लोक अदालत के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा पक्षों को समझा–बुझाकर समझौता कराया जायेगा। पक्षों द्वारा आपसी सुलह से किये गये समझौतें के संबंध में लोक अदालत अपना निर्णय पारित करेगा, और उक्त निर्णय सिविल न्यायालय के समान बाध्यकारी होगा। लोक अदालत द्वारा पारित निर्णय को किसी अन्य न्यायालय में चुनौती नही दी जा सकती, और उक्त निर्णय अंतिम माना जायेगा। पक्षों के द्वारा आपसी सहमति से किया गया समझौता वैवाहिक विवादों का समाधान करेगा और न्यायालय में मुकदमों की संख्या में कमी आयेगी।

## दिव्यांग वोटर बन, मतदाता अधिकार को समझे – जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में दिव्यांग मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में भागीदारी बढ़ानें एंव सुनिश्चित करने हेतु दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ब्लाक संसाधन केंद्र मछलीशहर पर आयोजित हुआ। जिसमें दिव्यांग लोगों को वोटर बनाने व उन्हे निर्वाचन साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि दिव्यांग लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हुए उन्हें मतदाता के अधिकार के प्रति जागरूक करें। उन्होंने दिव्यांग एंव अन्य जनमानस से अपील किया कि एक जनवरी 2022 को जिन लोगों की उम्र 18 वर्ष पूरी हो रही है वे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रय के अन्तर्गत अपने बी0एल0ओ0 से सम्पर्क कर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवायें। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग कर सकें। अभी 30 नवम्बर तक वोटर बनने का कार्य होगा, तथा 27 नवम्बर को सभी मतदान स्थलों पर बी एल ओ उपस्थित रहते हुए मतदाता बनाने का कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने एन वी एस पी पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर आन लाइन आवेदन कर मतदाता बनने के लिए भी जागरूक किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मछलीशहर ज्योति सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, खण्ड शिक्षा अधिकारी मछलीशहर पंकज कुमार यादव, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शोभा तिवारी राजीव सिंह रोहित यादव डा अफसाना बानो आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के अन्दर छिपी प्रतिभा को निखारकर इन्हें बेहतर प्लेटफार्म देने की जरूरत – जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : समेकित शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अस्थि, दृष्टि, सी पी, श्रवण दिव्यांग एवं मानसिक मंद विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को सहायक उपस्कर एंव उपकरण वितरण शिविर स्थान बी आर सी मछलीशहर में आयोजित हुआ। जिसमें तहसील मछलीशहर व मड़ियाहूं के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी मछलीशहर ज्योति सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कुल 208 बच्चों को 299 उपकरण वितरित किया गया। जिसके अन्तर्गत 20 ट्राई साईकिल, 49 व्हील चेयर, 94 हियरिंग ऐड, 32 जोड़े 64 कैलिबर जूते, 74 मानसिक मन्द बच्चों के लिए एम आर किट, 10 ब्रेल किट, 19 फोल्डिंग केन व स्मार्ट फोल्डिंग किट आदि वितरित किया गया। प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा



शोभा तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार खण्ड शिक्षा अधिकारी मछलीशहर पंकज कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज के अभिन्न अंग हैं उन्हें मुख्यधारा से जुड़ने में समाज के हर एक व्यक्ति की भागीदारी होनी चाहिए। आज देश के बड़े–बड़े कीर्तिमान को भी दिव्यांग जनों ने अपने नाम किया है। ऐसे में इनके अंदर की छुपी प्रतिभा को निखार कर इन्हें बेहतर प्लेटफार्म देने की जरूरत है। संचालन शिवकांत तिवारी ने किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मछलीशहर ज्योति सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञ विक्रम सोलंकी, नरेंद्र कुमार, रिसोर्स टीचर शशिधर उपाध्याय, पी डी तिवारी, राजू सिंह, रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

## फायरिंग में भाजपा नेता के भाई की गई थी जान : पांच असलहे जब्त वीडियो और फोटो देखेगी पुलिस

मिर्जापुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में महंत शिवाला में हिस्ट्रीशीटर अवधराज सिंह के भतीजे की शादी के दौरान हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता के भाई की मौत के मामले में डीआईजी विंध्याचल परिक्षेत्र रामकृष्ण भारद्वाज की फटकार के बाद पुलिस महकमा जागा और ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान पांच असलहे जब्त किए गए, जिनके निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही शादी में शामिल कई और लोगों को चिह्नित किया गया है, जो असलहे के साथ विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए थे। पुलिस ने शादी से जुड़ी वीडियो क्लिप और फोटो कब्जे में लेकर ऐसे लोगों की पहचान कर रही है। इतना ही नहीं हर्ष फायरिंग में शामिल असलहाधारियों पर भी गाज गिरनी तय है। कई घंटे हुई थी फायरिंग। पुलिस के अनुसार, मिर्जापुर जिले के कटरा कोतवाली क्षेत्र के महंत शिवाला स्थित एक लॉन में रविवार को हिस्ट्रीशीटर अवधराज सिंह के भतीजे अमरदीप सिंह का शादी समारोह चल रहा था। शादी समारोह में बड़ी संख्या में असलहाधारी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में घंटों फायरिंग हुई। इसी दौरान स्टेज के करीब गोली लगने से एक युवक गिरकर तड़पने लगा। पेट में लगी थी गोली। उसकी पहचान भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्वी नगर अध्यक्ष आकाश गुप्ता के भाई आशीष गुप्ता के रूप में हुई। उसके पेट मे गोली लगी थी। ट्रॉमा सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले में दूल्हे के परिवार के साथ ही कई अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने मौत की वजह हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगना बताया। सोमवार को जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया, घटनाक्रम बदलता गया। तरकापुर निवासी आरोपी फारुख को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने सबकुछ एक व्यक्ति तक केंद्रित कर दिया। बाकी लोगों को छोड़ दिया गया और हर्ष फायरिंग की घटना हत्या में तब्दील हो गई। पुलिस विवेचना में अन्य जिम्मेदारों को शामिल करने की बात कहने लगी। हत्या में शामिल असलहा बरामद कर पुलिस मामले को खत्म करने में जुटी थी। डीआईजी ने जब कार्रवाई की समीक्षा की तो उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है कि हर्ष फायरिंग का मामला हो और केवल एक ही असलहा बरामद हो। उन्होंने शादी में शामिल एक–एक असलहाधारी को चिह्नित कर असलहे का जब्तीकरण और निरस्तीकरण की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीआईजी ने कहा कि एक भी जिम्मेदार बचना नहीं चाहिए। डीआईजी की सख्ती के बाद पुलिस ने शादी की वीडियो, फोटो के जरिए विवाह में शामिल लोगों की पहचान और उन्हें तलाशना शुरू किया। अब तक पांच असलहे जब्त किए गए हैं तो कई और चिह्नित लोगों की तलाश की जा रही है। अवैध असलहे या ऐसे किसी अन्य स्थिति में उस व्यक्ति पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से संबंधित लोगों में हड़कंप की स्थिति है।

